Email

बिहार सरकार

खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग

पत्रांक -- प्र06--रा0कू0मुद्रण--04 / 11(खंड) 3388 खाद्य, पटना / दिनांक - 29/5/2012

प्रेषक,

जयशंकर प्रसाद यादव,
सरकार के संयुक्त सचिव ।

सेवा में,

सभी जिला पदाधिकारी ।

विषय :-- राशन एवं किरासन कूपन वितरण के संबंध में ।

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में कहना है कि विभागीय पत्रांक 2811 दिनांक 08.05.2012 के द्वारा वर्ष 2012--13 के लिए लाभूकों को कूपन उपलब्ध कराने के पूर्व आपके जिले में आपूर्ति किये गये कूपन निर्धारित मात्रा, मानक एवं विशिष्टियों के अनुरूप होने के संबंध में प्रमाण--पत्र की मांग की गई थी किन्तु आपसे इस संबंध में कोई पत्र प्राप्त नहीं हुआ है । आग्रह है कि वांछित प्रमाण--पत्र अविलंब विभाग को उपलब्ध कराया जाय ।

2. विभागीय पत्र सं0--2810 दिनांक 08.05.2012 द्वारा कूपन वितरण हेतु रोस्टर विहित प्रपत्र में उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया था, जिसके आलोक में पटना, नालंदा, भोजपुर, जहानाबाद, औरंगाबाद, सारण, शिवहर, प0 चम्पारण, पूर्वी चम्पारण, मधुबनी, सुपौल,, अररिया, कटिहार, लखीसराय, शेखपुरा एवं बांका से वांछित रोस्टर अभीतक प्राप्त नहीं हुआ है जो खेदजनक है । अनुरोध है कि कूपन वितरण का वांछित रोस्टर विहित प्रपत्र में अविलंब उपलब्ध कराया जाय ।

3. निर्धारित रोस्टर के अनुसार जिलों में राशन एवं किरासन कूपन वितरण का प्रतिवेदन विहित प्रपत्र के अनुसार प्रतिदिन विभाग को ई--मेल / फैक्स / दूरभाष सं0--0612-- 2210902 पर उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया था जिसके आलोक में कुछ जिलों को छोड़कर विहित प्रपत्र में प्रतिवेदन प्राप्त नहीं हो रहा है।

अतः अनुरोध है कि उपरोक्त कंडिका 1 एवं 2 के अनुरूप मांगी गई सूचनाएँ एवं प्रतिदिन कूपन वितरण का प्रतिवेदन विहित प्रपत्र में विभाग को उपलब्ध कराने की कृपा की जाय।

विश्वासभाजन,

सरकार के संयुक्त सचिव ।

ज्ञापांक-- प्र06--रा0कू0मुद्रण--04 / 11(खंड) 3388 खाद्य, पटना / दिनांक - 29/5/2012

प्रतिलिपि -- सभी प्रमंडलीय आयुक्त / अपर जिला दंडाधिकारी आपूर्ति, पटना / विशिष्ट पदाधिकारी, अनुभाजन पटना / सभी जिला आपूर्ति पदाधिकारी को सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

सरकार के संयुक्त सचिव ।

ज्ञापांक-- प्र06--रा0कू0मुद्रण--04 / 11(खंड) 3388 खाद्य, पटना / दिनांक 29/5/2012

प्रतिलिपि -- माननीय मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, बिहार, पटना के आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित ।

सरकार के संयुक्त सचिव ।